हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

11 आज के युग में विज्ञान और गणित उज्ज्वल भविष्य की नींव : बिश्नोई



12 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी ऐतिहासिक



## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर किया हमला, 6 आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** गांव डांगरा में घर में घुसकर बदसलूकी करने, मारपीट करने और रास्ते में गाड़ी रोककर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना शहर पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि इस बारे देवेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नामजद आरोपियों व उनके अन्य साथियों द्वारा अवैध हथियारों, तलवारों और लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर में घुस गए।

### महिला से छेड़छाड़ के मामले में चाचा-ससुर को दबोचा

**फतेहाबाद।** महिला से छेड़छाड़ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने पीड़ित के चाचा ससुर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक महिला द्वारा थाना भट्टू कलां में शिकायत दर्ज करवाई गई।

### सड़क हादसे में पुलिस ने पिकअप चालक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** क्षेत्र में हुए एक सडक़ हादसे में एक युवक की मौत के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि 9 जनवरी को गांव ढिगसरा निवासी सुधीर द्वारा शिकायत दी गई थी कि वह अपने मित्र सोनू कुमार एवं सुनील के साथ बाइक पर सवार होकर गांव बनगांव से वापस लौट रहा था। इसी दौरान तो सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी।

## पत्तियों पर 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट का छिड़काव करें : कृषि विशेषज्ञ

# सुबह-शाम धुंध से गेहूं की फसल में पीलापन, दाना हो रहा कमजोर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जनवरी-फरवरी महीने में तापमान कम रहने और लगातार बादल या धुंध छाए रहने के कारण गेहूं की पछेती फसल में पीलापन आना शुरू हो गया है। 8 डिग्री से कम तापमान रहने के कारण फसल में नीचे की दो पत्तियों को छोड़कर अन्य पत्तियों का हरा रंग उड़कर हल्का होना शुरू हो जाता है। फिर पत्तों के मध्य में सफेद या हल्के-पीले रंग के छोटे-छोटे धब्बे बन जाते हैं। इस कारण से इन फसलों में बालियां देर से आने व उनमें बढ़ोतरी कम रहने का अंदेशा बना रहता है, जिससे पैदावार में कमी भी हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे में पत्तियों पर 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट का छिड़काव करें। इस बीच, शुक्रवार को यहां तेज धूप निकलने से तापमान बढ़कर 24 डिग्री तक पहुंच गया। आज यहां न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा।

> 8 डिग्री से कम तापमान में पत्तियों का हरा रंग उड़कर धब्बे बनने लगे



**फतेहाबाद।** गेहूं की फसल में आया पीलापन व जली पत्तियां। *फोटो : हरिभूमि*

### मैंगनीज की कमी में करें

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार मैंगनीज की कमी के लक्षण गेहूं की प्रारंभिक वृद्धि अवस्था और बालियां निकलने के समय दिखाई देने शुरू होते हैं। पत्तियों पर भूरे-पीले रंग की धारियां पत्ती के सिरे से शुरू होकर नीचे की और बनती हैं। फसल में 0.5 प्रतिशत मैंगनीज सल्फेट के घोल का 10-15 दिन के अंतर पर 3 से 4 छिडक़ाव करें। पहला छिडक़ाव पहली सिंचाई से पहले व शेष सिंचाई के बाद करें।

### बदलते तापमान के कारण दिक्कत

कृषि विभाग फतेहाबाद के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग का कहना है कि पिछले कई दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण गेहूं की फसल में यह परेशानी बनी हुई है। इसलिए किसानों को ज्यादा घबराने की आवश्यकता नहीं है। बदलते मौसम के साथ जब तापमान बढ़ेगा तो इन फसलों से इस तरह के रोग से भी छुटकारा मिलेगा, लेकिन फिर भी किसानों को परेशानी आ रही तो जिंक व यूरिया को मिलाकर खेत में स्प्रे करें। जिससे इस प्रकार के रोग को दूर करने में किसानों को सहायता मिलेगी। इस समय गेहूं की फसल में यह परेशानी आती है।

### 15 दिन के अंतराल पर करें छिड़काव

कृषि विशेषज्ञों के अनुसर फसल में चेपा से बचाव के लिए 400 मिलीलीटर मैलाथियान 50 को 250 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिडक़ें। फसल में पीले रतुआ के लक्षण दिखाई देते ही बचाव के लिए 800 ग्राम जाइनेव या मैन्कोजेब डाइथेन एम-45 या प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत टिल्ट 25 प्रतिशत, 200 मिली को 250 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। फसल में इस प्रकार से परेशानी आने पर किसानों को एक एकड़ फसल पर स्प्रे करने के लिए 200 लीटर घोल की आवश्यकता होगी, जिसके लिए 1.0 किलोग्राम जिंक सल्फेट लगेगा।

# दो महीने बाद पटरी पर आई हिसार-लुधियाना पैसेंजर

- परेशानी से यात्रियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/जाखल

पिछले करीब 3 महीने से आधा दर्जन के करीब बंद पड़ी हिसार से लुधियाना जाने वाली पैसेंजर गाडिय़ां शुक्रवार को फिर से पटरी पर आनी शुरू हो गई है। इन गाडिय़ों के दोबारा पटरी पर दौडऩे से यात्रियों को काफी राहत मिली है। बता दें कि लुधियाना में प्लेटफार्म न 2 व 3 का काम चलते होने के कारण हिसार से लुधियाना जाने वाली पैसेंजर गाडिय़ों को 3 महीने के लिए बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को लुधियाना से आकर जाखल के रास्ते हिसार जाने वाली गाड़ी संख्या 54656 हिसार की तरफ गई है। हालांकि शाम तक एक ही गाड़ी जाखल रेलवे स्टेशन से निकली है। प्रशासन का कहना है कि आगामी एक-दो दिन में यह सुचारू रूप से चलना शुरू हो जाएगी। रेलवे की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार 7 ट्रेनों को 1 दिसंबर से 23 फरवरी तक बंद करने का निर्णय लिया गया था, परन्तु रेलवे ने पैसेंजर गाडिय़ों का संचालन फिर से शुरु करवा दिया है। जाखल रेलवे स्टेशन उतर भारत का सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है।

### व्यापार के साथ शिक्षा पर पड़ रहा था असर

इस रूट की गाड़ियां रद्द होने के चलते सबसे ज्यादा प्रभाव व्यापार व शिक्षा पर पड़ रहा था, क्योंकि जाखल व आस पास से जुड़े लोग व्यापार के लिए लुधियाना जैसे शहरों से जुड़े हुए थे, तो वही शिक्षा के लिए हिसार जैसे शहरों से जुड़े हुए है। इन्हें पहले जाने के लिए बसों सहित अधिक खर्च उठाना पड़ रहा था। अब ट्रेनों के शुरू होने से इन्हें राहत मिलेगी।

### क्या कहते हैं स्टेशन अधीक्षक

लुधियाना से आकर हिसार की तरफ एक ही गाड़ी गई है। अंबाला डिवीजन की तरफ से जैसे भी आदेश होंगे वैसे ही गाड़ियों का आवागमन होना शुरू हो जाएगा।

-चांद राम दहिया,
स्टेशन अधीक्षक जाखल

# नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नगर परिषद सिरसा द्वारा शुक्रवार को शहर के बरनाला रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान नगर परिषद की टीम ने दुकानों के बाहर अवैध तरीके से रखा सामान भी जब्त किया, जिसका पर दुकानदारों ने विरोध किया। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद के पास शहर में अतिक्रमण को लेकर शिकायतें आ रही थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए परिषद ने आज शहर के बरनाला रोड व बेगू रोड पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। टीम में शामिल कर्मचारियों ने दुकानदारों से अपील की कि वे अपना सामान निर्धारित स्थान तक ही रखें ताकि आवागमन में आम लोगों को परेशानी न हो।



**सिरसा।** शहर के बरनाला रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते नगर परिषद कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### लगा रहता है जाम

गौरतलब है कि शहर के बाजार अतिक्रमण के कारण संकरे हो गए है। आम लोगों को भारी परेशानी होती है। दिन के समय लंबा जाम लगा रहता है। शहर का डबवाली रोड अतिक्रमण की चपेट में है। इस रोड पर अधिकतर अस्पताल हैं। अस्पताल संचालकों ने बड़े-बड़े जनरेटर अवैध तरीके से सडक़ों पर रखे हुए हैं। अस्पतालों के बाहर वाहनों का जमावड़ा रहता है। इसी प्रकार रोड़ी बाजार, सदर बाजार सहित अन्य बाजारों में भी दुकानदारों ने अतिक्रमतण कर रखा है।

# नकदी लूटने पर तीन युवक काबू

- फतेहाबाद में भी पेट्रोल पम्प पर तेल भरवाकर बिना पैसे दिए भागे थे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद


नेशनल हाइवे स्थित एक ढाबे पर कर्मचारियों के साथ मारपीट कर नकदी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए फतेहाबाद ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजकुमार उर्फ कालू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मताना, रविन्द्र उर्फ खेमा तथा देवीलाल उर्फ गोलू पुत्र धर्मचंद, निवासी बिरन, जिला भिवानी के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि एनएच-9 पर स्थित एक ढाबे पर तीनों आरोपियों ने डंडों से हमला कर दिया। घायल हुए ढाबा कर्मचारी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इन तीनों आरोपियों ने भट्टू रोड पर स्थित दौलतपुरिया पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर बिना भुगतान किए फरार होने की वारदात को भी अंजाम दिया था।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए तीनों युवक। *फोटो : हरिभूमि*



To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.
नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।


## लाइफ Style

# यामी
## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।



## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट'फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...

**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।



## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*


### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिस्परर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकेयन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड फ्रॉड का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एक युवक को गिरफ्तार किया है। साईबर थाना प्रभारी निरिक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे जोगिन्द्र कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 9 दिसंबर 2024 को उनके मोबाइल पर एक अनजान लिंक आया। उस पर क्लिक करते ही एक एपीके फाइल डाउनलोड हो गई, जिससे उनके फोन का एक्सेस फ्रॉडस्टर के पास चला गया। इसके बाद उनके एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से 75,900 की अवैध ट्रांजेक्शन कर ली गई।

### जमीन सौदे में ठगी का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जमीन सौदे से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपी की पहचान ओमप्रकाश निवासी गदली के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पूर्व दो अन्य आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। मामला जमीन की खरीद-फरोख्त के दौरान धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर तथा आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित है। शिकायतकर्ता मोहन लाल निवासी गदली ने बताया कि आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत स्वयं को जमीन का वास्तविक मालिक दर्शाया तथा फर्जी इंतकाल एवं बयनामों के आधार पर उसे विश्वास में लेकर करीब 10 लाख रुपये की राशि ठग ली।

### दहेज प्रताड़ना का आरोपी पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद ने एक विवाहिता को दहेज के लिए तंग-परेशान करने और मारपीट करने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी निरिक्षक अरूणा ने बताया कि पीड़िता शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी शादी साल 2018 में संदीप कुमार निवासी गांव भिरानी, राजस्थान के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। शिकायत प्राप्त होने पर मामला महिला थाना द्वारा प्राथमिक जांच और बयानों के आधार पर पीड़िता के पति संदीप कुमार के खिलाफ आरोपों की पुष्टि होने पर महिला थाना फतेहाबाद में मामला दर्ज किया किया।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता रोहतास पुत्र राधेश्याम निवासी गांव बनगांव, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 फरवरी को वह सुबह करीब 10 बजे नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में दवाई लेने गया था तथा अपनी मोटरसाइकिल को अस्पताल परिसर स्थित पार्किंग में ताला लगाकर खड़ा किया था। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में 5 फरवरी को केस दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

### धमकी देकर ब्लैकमेल का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने फेसबुक पर न्यूड वीडियो डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि बीती 4 फरवरी को जिला में स्थित गांव की एक विवाहित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब दो साल पहले हुई थी। शादी से पहले एक अन्य शादीशुदा व्यक्ति जिसके दो बच्चे है उसने उसे शादी का झांसा देकर रिलेशनशिप में रखा था। पीड़ित महिला को जब इस बात का पता चला तो उसने कहीं और शादी कर ली। पीड़िता ने बताया कि शादी के समय से ही युवक उसे धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है।

## जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन

# आज के युग में विज्ञान और गणित उज्ज्वल भविष्य की नींव : बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

समग्र शिक्षा द्वारा पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समग्र शिक्षा के जिला परियोजना संयोजक अमनपाल गोदारा ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने शिरकत की। इस कार्यक्रम के संयोजक एपीसी निहाल सिंह थे। इस प्रदर्शनी में खण्ड स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले जिले के राजकीय विद्यालयों से लगभग 220 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने 3 थीम व 7 सब-थीम के अंतर्गत बहुत ही सुन्दर व आकर्षक ज्ञान-वर्धक मॉडल व पोस्टर बनाए तथा रोल प्ले गतिविधि में भाग लिया। शिक्षा अधिकारियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल, पोस्टर एवं रोल प्ले गतिविधियों का अवलोकन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शकुंतला देवी, ललिता रानी, सुरेश कुमार, मोहित कुमार, प्रियंका यादव, अंकित शर्मा, संदीप कुमार व सुनील कुमार आदि प्रवक्ता शामिल थे। विजेता विद्यार्थियों को जिला परियोजना संयोजक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आज के युग में विज्ञान और गणित उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

### प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

*सस्टेंनेबल एग्रीकल्चर थीम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ढाणी गोपाल की कक्षा 9 की छात्रा सुनीता प्रथम व आरोही मॉडल स्कूल कन्हेड़ी की कक्षा 8 की परी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इसी थीम में रोल प्ले/साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में पीएमश्री विद्यालय बैजलपुर की कक्षा 11 की रिन्कू प्रथम रही जबकि आरोही मॉडल जल्लोपुर की कक्षा 9 की गुरप्रीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय भोडियाखेड़ा की कक्षा 10 के अरिहंत ने प्रथम तथा आरोही मॉडल जल्लोपुर की कक्षा 11 के अभिनन्दन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वेस्ट मैनेजमेंट थीम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अकांवाली की कक्षा 11 की छात्रा हुस्नप्रीत कौर प्रथम व पीएमश्री धांगड़ की कक्षा 7 के सचिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले/साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में आरोही मॉडल डुल्ट की कक्षा 8 की बिन्दु रानी प्रथम रही जबकि जाखनदादी की कक्षा 7 की अंजनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में रा.व.मा.वि. पीलीमंदौरी की कक्षा 11 के नीलम ने प्रथम तथा रा.व.मा.वि. बरसीन की कक्षा 9 के अमित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।*

# मोबाइल के अनुचित इस्तेमाल से बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव: प्रदीप चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

■ राजकीय विद्यालयों में बच्चों के हित में जागरूकता कैंप का आयोजन

महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा निर्देशअनुसार जिला बाल संरक्षण विभाग के नेतृत्व में बाल संरक्षण प्रदीप चौहान ने गांव कुसुंबी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय व गांव कुक्कड़थाना के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी प्ले स्कूलों में बच्चों की हित में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कैंप के माध्यम से बाल संरक्षण प्रदीप चौहान ने बच्चों व अभिभावकों, ग्रामीणों आमजन को साइबर क्राइम व मोबाइल फ़ोन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि मोबाइल फोन की असीमित लत से बच्चों की मानसिकता एवं स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। प्रदीप चौहान ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बच्चों को समझाया कि वह अपना अत्यधिक समय फोन में ना देकर अपने परिवार, शिक्षा के महत्व,खेल कूद के क्षेत्र में ही बिताए। इसके साथ-साथ बाल संरक्षण प्रदीप चौहान ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को पोक्सो एक्ट,जेजे एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 ,साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी। इस जागरूकता कैंप में विद्यालय के मुख्यअध्यापक राजेश, चानन राम, मुख्याध्यापक विनोद कुमार आंगनवाड़ी वर्कर वीरपाल, राजबाला,लक्ष्मी देवी ,हेल्पर क्लास व कांता मौजूद रहे।


**सिरसा।** आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को जागरूक करते।

# इग्नु अध्यन केंद्र में नए सत्र के लिए दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ जो विद्यार्थी नियमित दाखिले से वंचित रह गए थे वे स्नातक व स्नातकोत्तर में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश ले सकते हैं

राजकीय महिला महाविद्यालय में स्थित इग्नु सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि सत्र जनवरी 2026 के लिए दाखिले होने शुरू किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को जानकारी देने व प्रेरित करने के लिए स्टडी सेंटर के स्टाफ सदस्यों ने इग्नू संचालित परीक्षाओं में जनवरी 2026 सत्र में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करने का विशेष अभियान चलाया है। स्टाफ सदस्यों ने बताया कि यह विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है और समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इग्नु के पाठयक्रमों में लचीलापन, किफायती शुल्क, और उद्योग की मांगों के अनुरूप सामग्री शामिल है, जो छात्रों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी इस्छुक छात्र छात्राएं का आह्वान किया कि जो विद्यार्थी इग्नु विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर में पढ़ाई करना चाहते हैं और जो नियमित दाखिले से वंचित रह गए थे वे अब बिना देरी के इग्नो स्टडी सेंटर में स्नातक व स्नातकोत्तर में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश ले सकते हैं।

# ओमप्रकाश चुघ को शिवपुरी महासभा में सहयोगी परियोजना अध्यक्ष किया नियुक्त



**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ की समाज के प्रति कर्मठता को देखते हुए उन्हें एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवपुरी महासभा फतेहाबाद द्वारा उन्हें वहां चल रहे विकास कार्यों के लिए 'सहयोगी परियोजना अध्यक्ष' नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ओमप्रकाश चुघ ने कहा कि वह इस सम्मान के लिए शिवपुरी महासभा के सभी पदाधिकारियों के ऋणी हैं। उन्होंने विशेष रूप से शिवपुरी महासभा के महासचिव सुनील सचदेवा का आभार प्रकट किया, जिन्होंने अन्य सदस्यों के साथ विचार-विमर्श कर उन्हें इस सेवा के योग्य समझा। ओमप्रकाश चुघ ने अपनी इस नई जिम्मेदारी का श्रेय ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सभी सदस्यों के प्यार और आशीर्वाद को दिया है। महाराज श्री अरुट जी के आशीर्वाद और संगठन सदस्यों के सहयोग से ही मुझे यह अवसर मिला है। इस नियुक्ति से अरोड़ा खत्री पंजाबी समाज में खुशी की लहर है और उनके शुभचिंतक उन्हें इस नई पारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# 15 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलन: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए केशव पार्क समिति के संयोजक मोहनलाल शर्मा।

केशव पार्क समिति के संयोजक मोहनलाल शर्मा ने बताया कि आगामी 15 फरवरी को केशव पार्क समिति द्वारा सिरसा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केशव पार्क के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले सभी निवासियों का आह्वान है कि वे बढ़ चढक़र इस कार्यक्रम में भाग लेकर एकजुटता का परिचय दें। इस मौके पर समिति के सदस्य प्रो. श्याम लाल फुटेला ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पंच परिवर्तन रहेगा। समाज में नैतिक मूल्य युक्त परिवार हो, पर्यावरण की रक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जाएं, सामाजिक समरसता हो, स्वदेशी जीवनशैली अपनाएं व नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करें। उन्होंने कहा कि इन पंच परिवर्तनों का हम पालन करके देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। हिंदु सम्मेलन के प्रचार प्रमुख एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्र को वर्तमान परिवेश में इस प्रकार के सम्मेलनों की परम आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर इस प्रकार के दर्जनों कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर ध्यान सिंह, दिनेश सिंघानिया, राजबीर गोयल, अभिषेक, किशोर चानना, दिनेश शर्मा, सतबीर जाखड़, ओमप्रकाश, सुनील मास्टर, असीम अरोड़ा, अतुल्य जोशी, राजेंद्र कड़वासरा, राजेश मास्टर, संजय गांधी, विनोद सचदेवा, राजेंद्र कसवां, जगदीश हुडा, कर्मबीर व आनंद मित्तल आदि मौजूद थे।

**अभियान** बड़ोपल के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को करवाया अभ्यास

# शरीर को लचीलापन, शक्ति और मानसिक शांति प्रदान करता है सूर्य नमस्कार : मदन गोपाल आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** बड़ोपल सरकारी स्कूल में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

सूर्य नमस्कार संपूर्ण शरीर के लिए एक उत्तम व्यायाम है। यह शरीर को लचीलापन, शक्ति और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह बात पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग सेवक एवं इतिहास प्रवक्ता मदन गोपाल आर्य ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोपल में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा, विभिन्न योग संगठनों एंव शिक्षा विभाग के सान्निध्य में आयोजित सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत इसका महत्व बताते हुए कही।

मदन गोपाल आर्य ने कहा कि सूर्य नमस्कार रीढ़ की हड्डी, मांसपेशियों को मजबूत करने, लचीलापन, पाचन सुधारने, वजन घटाने और तनाव कम करने में सहायक है। यह शरीर में पाचन तंत्र को सुचारू बनाता है, कब्ज दूर करता है और मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है। इसके साथ सूर्य नमस्कार चिंता व तनाव को कम करके मन को शांत करता है तथा एकाग्रता बढ़ाता है। यह हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है और शरीर में रक्त संचार को बेहतर बनाता है। नियमित अभ्यास से मासिक धर्म को नियमित रखने में मदद मिलती है। यह शरीर के प्रत्येक शारीरिक तंत्र को जो लाभ प्रदान करता।

मदन गोपाल आर्य के अनुसार सूर्य नमस्कार सूर्य के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा की भावना को बढ़ावा देता है, जिससे आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है और प्रकृति से जुड़ाव मजबूत होता है। इस दौरान आयुष योग सहायक आन्नद कुमार ने विद्यालय के विद्यार्थियों को अति उतम तरीके से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया तथा उपस्थित जनों को सूर्य नमस्कार अभियान की सम्पूर्ण जानकारी दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्राचार्या अनिता रानी, पुष्कर दहिया, प्रवक्ता सीमा गर्ग, सुनीता सहारण, सीमा भ्याणा, सुनीता जांगू, रेणू बाला, पूनम रानी, सोनू गढ़वाल, संगीता ठकराल, सतीश शर्मा, विद्यासागर बिश्नोई, रोहतास भाटिया, सुन्दर रामसरा, रवि कुमार, अतुल मताना, जयदेव, सोनू कुमार व रमेश कुमार सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी



### न्याय की मांग को लेकर बसपा ने किया प्रदर्शन

**सिरसा।** जिला के गांव कुरंगावाली में एक युवक की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिरसा पहुंचे। न्याय की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं व पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों व परिजनों के अनुसार बलजीत सिंह को साजिश के तहत कुछ लोगों द्वारा घर से बुलाकर ले जाया गया और उसी रात वह फंदे पर लटका हुआ मिला। उनका आरोप है कि यह मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का है। परिवार द्वारा इस संबंध में बीती 31 जनवरी को थाना रोड़ी में केस दर्ज कराया गया, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है। इस मौके पर बसपा के जिला अध्यक्ष रामधन चौटाला, जिला प्रभारी भूषण लाल बरोड़, सिरसा विधानसभा अध्यक्ष रामकुमार बेगू, कालांवाली प्रभारी सुंदर लाल, जालोर सिंह, संदीप, बीरबल, हरप्रीत, अमरदीप, दीपक कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

### युवाओं की मेहनत पर पानी फेरने में जुटा एचपीएससी : सुनैना



**फतेहाबाद।** इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि एचपीएससी ने नौकरियों के लिए चयन प्रक्रिया का मजाक बना कर रख दिया है। अभी तक एक भी भर्ती ऐसी नहीं है जो एचपीएससी द्वारा हरियाणा के योग्य युवाओं को नौकरी देने के मकसद से की गई हो। बेरोजगारी से त्रस्त हरियाणा में कई सालों के इंतजार के बाद पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती का रिजल्ट आया है। पीजीटी कंप्यूटर साइंस की परीक्षा में 1711 पदों के लिए 5100 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और मात्र 39 अभ्यर्थियों, जो कि 2.29 प्रतिशत बनता है, को ही पास किया गया। सुनैना चौटाला ने कहा कि हरियाणा के युवा सरकारी नौकरियों के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं लेकिन एचपीएससी उनकी मेहनत पर पानी फेर रही है और उन्हें नालायक और नाकाबिल साबित करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवा बेहद बुद्धिमान है जो अपनी मेहनत से यूपीएससी जैसी बेहद कठिन परिक्षाओं को पास करके आईएएस, आईपीएस, जज और वैज्ञानिक बन रहे हैं।

### विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति किया सचेत



**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजीटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाना तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाना रहा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कार्यशाला में सहायक एलएडीसी देवेंद्र कौर तथा अधिवक्ता कुलदीप ने प्रतिभागियों को डिजिटल दुनिया के प्रभावी प्रबंधन के विषय में जानकारी दी। उन्होंने आशा योजना, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, नशा मुक्ति, नालसा ट्रैफिकिंग एवं कमर्शियल सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेशन पीड़ितों के लिए योजना 2015 सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही सेफर इंटरनेट डे के महत्व को बताते हुए छात्रों को इंटरनेट के फायदे और नुकसान से अवगत कराया।

### गांव अलीमोहम्मद में फूलकां के युवक की मौत

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव अलीमोहम्मद में गांव फूलकां के करीब 20 वर्षीय युवक की मौत होने से का मामला सामने आया है। नाथुसरी-चौपटा थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया और इत्तेफाकिया मौत की कारवाई की है। मृतक की पहचान प्रीतम पुत्र नरेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव फूलकां निवासी मृतक प्रीतम पुत्र नरेश कुमार अपने गांव के ही साथी चंद्रपाल को साथ लेकर पास लगते गांव अलीमोहम्मद में एक अन्य साथी रायसिंह उर्फ धोलू के पास गए थे। वीरवार रात को प्रीतम अपने मोटरसाईकिल पर दोनों साथियों को लेकर अलीमोहम्मद निवासी धोलू के खेत में चले गये और रात को खेत में बने कमरे में ही सो गए। शुक्रवार सुबह करीबन 8 बजे प्रीतम का स्वास्थ्य बिगड़ गया। इस दौरान चंद्रपाल और धोलू, प्रीतम को सिरसा के निजी अस्पताल लेकर आये जहां चिकित्सकों जांच के दौरान प्रीतम को मृत घोषित कर दिया। यह सूचना मिलते ही परिवारजन और पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में जब चोपटा पुलिस थाना के जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि गांव फूलकां के एक युवक की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान प्रीतम पुत्र नरेश कुमार के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई की गई है।

### नेहा मित्तल व उनकी टीम ने बांटी खाद्य सामग्री



**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष नेहा मित्तल व उनकी टीम ने लघुसचिवालय के सामने स्थित झुग्गी-झोपडियों में रहने वाले परिवारों को खाने-पीने का सामान वितरित किया। इस मौके पर नेहा मित्तल ने कहा कि गरीबों की सेवा सेवा सबसे उत्तम सेवा है। हमे उन लोगों का सहारा बनना चाहिए, जिन्हें वास्तव में मदद की जरूरत है। इससे समाज में भाईचारे की मिसाल बनती है। उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर गरीब व वंचितों की सेवा करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि हमें गरीब व वंचितों को समय-समय पर सहायता पहुंचानी चाहिए। समाज के सक्षम लोगों को हमेशा वंचित वर्ग की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

### लाखों की हेरोइन बरामद, महिला सहित छह गिरफ्तार



**डबवाली।** डबवाली पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से छह नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब साढ़े तीन लाखों रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। एएनसी स्टाफ प्रभारी डबवाली रणजोत सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान तख्तमल रोड मंडी कालांवाली से दादू रोड मंडी कालांवाली की तरफ जा रहे थी। इसी दौरान पार्क वाली गली से एक मोटरसाइकिल सवार युवक आता दिखाई दिया जो सामने पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र गया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई।

### विद्यार्थियों को बताए गए रोजगार के अवसर



**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 2 फरवरी से शुरू किए गए व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीघड़ व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनगांव में कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक वीरेंद्र प्रसाद व सीनियर फैक्ल्टी राकेश जांगड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा निजी व सरकारी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, शहर फतेहाबाद में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल व श्री राम सेवा समिति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में भी मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में एमएसएमई सहायक निदेशक प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा अपनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित पकड़े तीन युवक

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भट्टूकलां, फतेहाबाद व रतिया पुलिस ने तीन युवकों को हेरोइन सहित काबू किया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी के दौरान गऊशाला रामसरा रोड, भट्टूकलां के समीप मौजूद थी। इसी दौरान गांव भट्टूकलां की फिरनी की ओर से पैदल आ रहा एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर अचानक पीछे मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा।

### ग्रामीण बैंक ने ढांड में डिजिटल लिटरेसी कैंप लगाया

**फतेहाबाद।** हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा ढांड की ओर से गांव में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता अंतर्गत डिजिटल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित लेन-देन और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बुद्धिराज सिंह रहे। इस मौके पर बैंक मैनेजर कृष्ण कुमार व सरपंच चंद्रमोहन पोटलिया ने उनका स्वागत किया और बैंक द्वारा ग्रामीणों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### नारी सुरक्षा पर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतिया में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नारी सुरक्षा एवं आत्मरक्षा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय, भूना के शारीरिक शिक्षा के प्रो गुरविन्द्र सिंह ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी को यदि स्वयं को सशक्त करना है तो उसे आत्मरक्षा के तरीकों को सीखना पड़ेगा उसे भावनात्मक रूप से मजबूत बनना पड़ेगा।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गांव मोडिया खेड़ा निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि डबवाली रोड से उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गया है। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना में बाइक चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई थी। पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मलकीत सिंह निवासी गांव रघुआना, जिला सिरसा को चोरीशुदा बाइक सहित हुडा सैक्टर 19 सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया।

### एडीसी को भेंट की नवोदय विद्यालय पत्रिका 'भावांजलि'

**ओढां।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा की वार्षिक पत्रिका 'भावांजलि' को विद्यालय प्राचार्य ललित कालड़ा और हिंदी शिक्षक महेंद्र बैरवा व मुकेश राणा ने विद्यालय परिवार की ओर से जिला प्रशासन सिरसा के अतिरिक्त उपायुक्त बीरेंद्र सिंह सहरावत एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं को भेंट किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने पत्रिका का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों की साहित्यिक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की।

### साप्ताहिक श्रीराम कथा अमृत 8 से

**ओढां।** श्री अखंड ज्योति हनुमान मन्दिर ओढ़ा में श्रीराम कथा अमृत का भव्य आयोजन श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट एवं समस्त गांववासियों के सहयोग से किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध कथा व्यास परम श्रद्धेय आचार्य पवन कृष्ण सिरसा वाले प्रवचन करेंगे। श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट के प्रवक्ता राधा कृष्ण गोदारा ने बताया कि यह कथा आगामी 8 फरवरी से आगामी 16 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 11.15 बजे से दोपहर 3.15 तक की जाएगी।

सर्व कर्मचारी संघ व सीटू नेताओं ने हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकी

# 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल सरकार विरोधी नीतियों पर करारा प्रहार होगा

- कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केंद्र और राज्य सरकार की कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिले में लगातार दूसरे दिन विभिन्न सरकारी विभागों में गेट मीटिंग्स का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों से काम छोडक़र सडक़ों पर उतरने का आह्वान किया गया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव कृष्ण कुमार, जिला प्रधान सुरजीत दुसाद, पूर्व महासचिव नरेश कुमार, उपप्रधान कपिल सिरोही, उप महासचिव सुनीता, जिला सचिव रामनिवास शर्मा व अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने संयुक्त रूप से दावा किया कि यह हड़ताल ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगी। नेताओं ने कहा कि देशभर में इस आंदोलन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और 12 फरवरी को सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा।

विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की गेट मीटिंग्स को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने ने सरकार की घेराबंदी की और कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार कच्चे कर्मियों को पक्का करने के बजाय सरकार जॉब सिक्योरिटी पोर्टल लाकर उन्हें ताउम्र कच्चा रखने की साजिश रच रही है। उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम व अन्य ठेका कर्मचारियों को पक्का करने की मांग पर जोर दिया। सीटू नेता बेगराज, सुनील कुमार, ओमप्रकाश व जंगीर सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी, आशा वर्कर और मिड-डे मील वर्कर को न तो पक्का किया जा रहा है और न ही उन्हें उचित न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है।



**फतेहाबाद।** हड़ताल को लेकर कर्मचारियों की गेट मीटिंग को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

#### कर्मचारी हड़ताल की प्रमुख मांगें

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हड़ताल की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कोविड काल के दौरान रोके गए 18 महीने के बकाया डीए, डीआर को रिलीज करना और आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस में संशोधन कर 50 लाख से अधिक ठेका कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी करना शामिल है। इस अवसर पर सुरेश कुमार पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन, वन कर्मचारी नेता राजकुमार निराणियां, दीपक शर्मा, रोडवेज से राजकुमार बिघड़, विरेन्द्र कुमार, सुबे सिंह, सुमेर सिंह, पब्लिक हैल्थ से इंद्र कुमार घासी, लादू राम, नगरपालिका कर्मचारी संघ से रमेश तुषामड़, विजय कुमार ढाका, नरेश कुमार राणा, ओमप्रकाश लोट आदि ने संबोधित किया।

# भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम का डीसी डॉ. विवेक भारती ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम का दौरा कर वहां उपलब्ध खेल सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने जिला खेल अधिकारी विष्णुदास को निर्देश दिए कि खिलाडिय़ों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा जिले में खेल सुविधाओं का अधिक से अधिक विस्तार किया जाए ताकि युवा खिलाडिय़ों को बेहतर माहौल मिल सके। डीसी ने जिला खेल अधिकारी विष्णुदास से स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जिला स्तर के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, भवन के रंग-रोगन, छत व सीलिंग की मरम्मत तथा शौचालय की समुचित सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती ने स्टेडियम में पवेलियन अथवा दर्शक दीर्घा (स्टैंड) के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि दर्शक बैठकर खेल प्रतियोगिताएं देख सकें। इसके साथ ही बाउंड्री वॉल कई स्थानों से क्षतिग्रस्त पाई गई, जिसे शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इन सभी कार्यों के लिए प्रॉपर एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेजने को कहा गया।


**फतेहाबाद।** भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लेते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### शिक्षा चरित्र निर्माण का बने जरिया: चौपड़ा

**सिरसा।** राशोबा कॉलेज ऑफ एजुकेशन व जीआरजी नेशनल गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। स्वामी विवेकानंद की जंयती पर हुई यह संगोष्ठी स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों को वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों के संदर्भ में समझने करने की एक गंभीर पहल थी। इस अवसर भाजपा नेता जगदीश चौपड़ा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का शिक्षा-दर्शन केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं था, बल्कि वह मनुष्य के चरित्र निर्माण, आत्मविश्वसास, आत्मबल और राष्ट्रभक्ति के विकास का मार्ग प्रशस्त करता था।

### विद्यार्थियों को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



**सिरसा।** चोपटा क्षेत्र के गांव कागदाना स्थित नेशनल चिल्ड्रन मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। योगाचार्य बजरंग साहू ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान बीती 12 जनवरी से शुरू किया गया था जोकि आगामी 12 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सूर्य नमस्कार योग का एक संपूर्ण अभ्यास है, जिसमें 12 आसन शामिल होते हैं। इसके नियमित अभ्यास से शरीर, मन और आत्मा तीनों को लाभ मिलता है। योग विशेषज्ञों और स्वास्थ्य चिकित्सकों के अनुसार, बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच सूर्य नमस्कार एक सरल लेकिन अत्यंत प्रभावशाली योग अभ्यास है। इसके 12 आसनों का क्रम पूरे शरीर को सक्रिय करता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर की लचीलापन क्षमता बढ़ाता है। हाल के योग शिविरों और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों में इसे वजन नियंत्रण और फिटनेस के लिए विशेष रूप से उपयोगी बताया गया है।

### प्रो. आरती गौड़ की दो पुस्तकों का विमोचन



**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के प्रबंधन विभाग की प्रो. आरती गौड़ की मानव संसाधन विषय पर लिखित दो पुस्तकों प्रशिक्षण एवं विकास तथा एचआर टूलकिट का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने किया। प्रो. विजय कुमार ने प्रो. आरती गौड़ एवं डॉ. कमल प्रीत कौर को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने लेखिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए इन पुस्तकों को एचआर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक योगदान बताया। लेखिका प्रो. आरती गौड ने बताया कि पुस्तक प्रशिक्षण एवं विकास में प्रशिक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया, विभिन्न प्रशिक्षण तकनीकों तथा उनके व्यावहारिक पक्षों को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा प्रशिक्षण से जुड़े पेशेवरों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। वहीं पुस्तक एचआर टूलकिट में मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित प्रमुख शब्दों, अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं को सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया है, जिससे पाठक विषयवस्तु को आसानी से आत्मसात कर सकें।

## जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कार्यालय में विशेष कानूनी जागरूकता शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण कार्यालय में जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक बालों के कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य सैनिकों एवं अर्ध सैनिकों को कानूनी समस्याओं के समाधान तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। इस विशेष जागरूकता शिविर में पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सैनिक कल्याण योजनाओं व सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने भूतपूर्व जिला सैनिकों व अर्ध सैनिकों को कानूनी सहायता क्लीनिक का लाभ उठाने की अपील की।


**फतेहाबाद।** विशेष कानूनी जागरूकता शिविर में भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को जानकारी देते हुए पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### मिलेगा योजनाओं का लाभ

दीपक अग्रवाल ने भूतपूर्व सैनिक एवं अर्ध सैनिकों को बताया कि कानूनी सहायता तथा विभिन्न विभागों से संबंधित सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में जो परेशानी आ रही है उनके निदान करने के लिए जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कार्यालय में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा कानूनी सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। इस कानूनी सहायता केंद्र में प्रत्येक बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता तथा पैरालीगल वॉलिंटियर मार्गदर्शन के लिए बाद दोपहर 2 से 5 बजे तक उपलब्ध रहते हैं। कोई भी भूतपूर्व सैनिक एवं अर्ध सैनिक या उनके आश्रित यहां आकर अपनी समस्या के बारे में कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

### क्विज पोर्टल शुरू विजेताओं को मिलेगा पीएम से संवाद का अवसर

**सिरसा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत सिरसा ने माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का शुभारंभ किया है। जिला युवा अधिकारी धनपत ने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी युवा केंद्रित पहल है, जिसका उद्देश्य विकसित भारत बजट 2026 के प्रति जागरूकता एवं सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है। यह क्विज अब माय भारत पोर्टल पर लाइव है। सिरसा के युवा वेबसाइट पर जाकर अथवा आधिकारिक पोस्टों पर उपलब्ध कोड स्कैन कर इसमें भाग ले सकते हैं। इसमें भागीदारी की अंतिम तिथि आगामी 17 फरवरी है। यह पहल तीन चरणों में आयोजित की जाएगी।

## राजकीय महाविद्यालय में सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी वैक्सीन पर जागरूकता शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय महाविद्यालय व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में सर्वाइकल कैंसर एवं सशक्त महिला-सशक्त समाज विषय पर विस्तृत जागरूकता शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ महिला के माध्यम से सशक्त समाज की अवधारणा को सुदृढ़ करना रहा।

शिविर में वक्ता के रूप में डॉ. अंजना डाबरा ने सर्वाइकल कैंसर के कारणों, लक्षणों, जांच की विधियों एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी माध्यम है। डॉ. डाबरा ने किशोरियों एवं युवतियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता, नियमित जांच एवं टीकाकरण के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर को काफी हद तक रोका जा सकता है।



**फतेहाबाद।** राजकीय कॉलेज में आयोजित जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए वक्तागण। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थी सामाजिक गतिविधियों में लें भाग

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीती 30 जनवरी से जारी सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर व मुख्यातिथि एसएनओ सीडीएलयू डॉ. रोहताश ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी को राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक गतिविधियों में निरंतर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने सयंम, अनुशासन, उर्जावान बनकर सहभागिता से कार्य करते हुए समापन को धैर्य व अनुशासन के साथ चरितार्थ किया। सात दिवस तक निरंतर चले इस कैंप में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण पावरपॉइंट के माध्यम से किया गया।

## भारतीय मजदूर संघ का 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन पुरी में हुआ

- भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में फतेहाबाद का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे विपिन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारत के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय अधिवेशन 6, 7 एवं 8 फरवरी को ओडिशा की पवित्र तीर्थ नगरी जगन्नाथ पुरी में आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में फतेहाबाद जिले का प्रतिनिधित्व विपिन शर्मा कर रहे हैं।

यह जानकारी देते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष बजिन्दर मैडल ने बताया कि 'श्रम का गौरव - राष्ट्र का गौरव' विषय पर आयोजित यह अधिवेशन श्रमिक सम्मान को सीधे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोडऩे का एक सशक्त संदेश देता है। अधिवेशन का उद्‌घाटन अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्मय पांड्या करेंगे व मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय श्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया शिरकत करेंगे। भारतीय मजदूर संघ के जिला सलाहकार सतबीर शर्मा ने बताया कि इस अधिवेशन का महत्व अंतरराष्ट्रीय स्तर का है, क्योंकि इसमें 15 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, नई दिल्ली की निदेशक मिचिको मियामोटो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।



**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेते हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल।

### स्कूली छात्रों को दिया व्यावसायिक मार्गदर्शन

**सिरसा।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक मार्गदर्शन से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला रोजगार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भावदीन में कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को शिक्षा एवं रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान एमएसएमई से आईईओ विकास व राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा तथा निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जांडलीखुर्द में विधवा की पेंशन का मुद्दा उठा, प्रस्ताव पारित; कई गांवों में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड व पेंशन की समस्याएं गूंजीं

# भूना ब्लॉक की 16 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की तीसरी बैठक, 7 जगह कोरम पूरा, 9 में स्थगित

अधिकारियों को तुरंत विधवा पेंशन बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ब्लॉक भूना की 16 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम सभा की तीसरी बैठक आयोजित की गई। इनमें से 7 ग्राम पंचायतों में निर्धारित जनसंख्या के अनुसार 20 प्रतिशत कोरम पूरा होने पर बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जबकि 9 ग्राम पंचायतों में कोरम पूरा न होने के कारण ग्राम सभा की बैठक नहीं हो सकी।

ग्राम पंचायत जांडलीखुर्द की ग्राम सभा में विधवा कृष्णा देवी ने पिछले डेढ़ वर्ष से पेंशन नहीं बनने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत विधवा पेंशन बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मामले को प्राथमिकता पर लेने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा ग्राम पंचायत बुवान, ढाणी भोजराज, बोस्ती, भट्टू और भूंदड़ा में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में त्रुटियां, राशन कार्ड तथा बुढ़ापा पेंशन से जुड़ी समस्याएं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रखीं।

ग्रामीणों ने ग्राम सभा में पहुंचे अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को जोर-शोर से उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जिन ग्राम पंचायतों में कोरम पूरा हुआ, वहां सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।


**भूना।** ग्राम पंचायत बोस्ती व ढाणी सांचला में ग्रामसभा की बैठक में सरकार की जनहित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बीडीपीओ भजनलाल शर्मा

#### 18 पंचायतों में ग्रामसभा बैठक संपन्न

बीडीपीओ भजनलाल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को ब्लॉक की कुल 29 ग्राम पंचायतों में से 18 जगह ग्राम सभा की तीसरी बैठक निर्धारित थी। इनमें से 7 ग्राम पंचायतों में आबादी के अनुरूप 20 प्रतिशत कोरम पूरा हुआ। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे ग्राम सभा की बैठकों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि गांव के विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिन गांवों में ग्राम सभा की बैठक नहीं हो सकी है, वहां ग्रामीण अगली बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इस अवसर पर कार्यवाहक समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी पुनीत सिहाग, ग्राम सचिव राजेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता राजपाल सिंह, ग्राम सचिव मनीषा दहिया सहित जगन मेडल, अजय जांगड़ा, प्रवीण सिवाच, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, सुखविंदर सिंह, बिंटू कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं जांडलीखुर्द सरपंच बलवंत सिंह पूनिया, ढाणी भोजराज सरपंच ज्योति देवी, ढाणी सांचला सरपंच राजेंद्र सिंह, भट्टू सरपंच सुखविंद्र कौर, भूंदड़ा सरपंच देवेंद्र सिंह, बोस्ती सरपंच सुखविंदर सिंह उर्फ सुखा व बुवान सरपंच परमजीत कंबोज ने अपने-अपने गांवों में ग्राम सभा की अध्यक्षता की।